दिनांकः 09.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज **सबका साथ–सबका विकास–जन आकांक्षाओं की पूर्ति** विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करेंगें
- विधानसभा में आज राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक सहित दो महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होगीं
- राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से आज जयपुर में जनसुनवाई–आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर महिलाओं की शिकायतें सुनेंगीं
- भारत आईसीसी टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप में न्यूज़ीलैंड को हराकर चैंपियन बना–टीम इंडिया के लिए बधाईयों का तांता–क्रिकेट प्रेमियों में जश्नं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज **सबका साथ सबका विकास–जन आकांक्षाओं की पूर्ति** विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करेंगें इस दौरान शिक्षा और कौशल, स्वास्थ्य और आयुष, पर्यटन और आतिथ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों पर देशभर में कई सत्र आयोजित होंगें विभिन्न सत्रों में शिक्षा से लेकर रोजगार के अवसर, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स, पूर्वोत्तर क्षेत्र में बौद्ध सर्किट तथा विरासत पर्यटन को बढावा देने पर चर्चा होगीं पोस्ट बजट वेबिनार उद्योगों, हितधारकों और क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ बजट में पेश किये गये सरकार के दृष्टिकोण को कार्यात्मक रणनीति में बदलने पर चर्चा का मंच हैं

000

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा हैं ये 2 अप्रेल तक चलेगां लोकसभा में आज स्पीकर ओम बिरला को हटाने की मांग वाला एक प्रस्ताव पेश किया जाएगां कांग्रेस के तीन सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और मल्लु रवि यह प्रस्ताव रखेंगें गौरतलब है कि पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान, विपक्ष ने लोकसभा के सेक्रेटरी जनरल को अध्यक्ष को हटाने की मांग करते हुए एक नो–कॉन्फिडेंस नोटिस दिया थां

000

राज्य विधानसभा में आज दो महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होगीं उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा राजस्थान आयुर्वेद योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक–2026 पेश करेंगें इसके माध्यम से आयुष से जुड़े कॉलेजों में पढ़ाई और बेहतर बनाने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, आयुष नीति और स्वास्थ्य नीति के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए विचार किया जाएगां वहीं प्रभारी मंत्री मदन दिलावर राजस्थान पंचायतीराज संशोधन विधेयक–2026 चर्चा के लिए रखेंगें इस विधेयक के जरिये अधिनियम में वर्ष 1994 के प्रावधानों में संशोधन किया जाएगां पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की बहस के बाद दोनों विधेयकों को पारित कराया जाएगां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों से समय के अनुसार खेती की पद्धतियों में हो रहे बदलावों को अपनाने की अपील की हैं मुख्यमंत्री कल हनुमानगढ़ में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थें इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर खेती, सिंचाई और बिजली आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर फीडबैक लियां उन्होंने कहा कि किसानों को कम पानी वाली फसलें उगानी चाहिएं श्री शर्मा ने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए किसानों को गोबर खाद की उपयोग की सलाह दीं उन्होंने कहा कि अन्य उर्वरकों का उपयोग सीमित मात्रा में होना चाहिएं मुख्यमंत्री ने किसानों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में खाद का पर्याप्त भंडार हैं इसकी कमी नहीं होने दी जाएगीं साथ ही सरकार राज्य में सिंचाई व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने के प्रयास कर रही हैं

...........

000

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने कल एक जिला–एक उत्पाद योजना को बढ़ावा देने के लिए जयपुर से एक विशेष जागरुकता और प्रशिक्षण बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां इसका उद्देश्य कारीगरों को कौशल विकास और मार्केटिंग से जोड़कर स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाना हैं

इस मौके पर मीडिया से बातचीत में श्री राठौड़ ने कहा कि इसके जरिये ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगां

.............

000

राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से आज जयपुर में जनसुनवाई की जाएगीं आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर स्वयं महिलाओं की शिकायतें और समस्याएं सुनेंगीं राजस्थान पुलिस अकादमी में सुबह 11 बजे से ये जनसुनवाई आयोजित की जा रही हैं 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' के तहत इस पहल के दौरान महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतों, पारिवारिक और संपत्ति संबंधी विवाद, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न तथा अन्य सामाजिक मुद्दों से जुड़ी परेशानियों पर सुनवाई कर उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जाएंगें जयपुर जिला प्रशासन ने महिलाओं से जनसुनवाई में अपनी किसी भी तरह की पेरशानी सीधे राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष के समक्ष रखने की अपील की हैं जनसुनवाई के समन्वय और व्यवस्थाओं के लिए उपखण्ड अधिकारी जयपुर दक्षिण अरुण कुमार को समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया हैं

000

नागर विमानन मंत्रालय पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहा हैं यात्रियों की सुरक्षा और सुचारू विमान सेवा सुनिश्चित करने के लिए विमानन कंपनियां मौजूदा हालात को देखते हुए आवश्यक परिचालन कर रही हैं मंत्रालय ने कहा कि भारतीय विमानन कंपनियां आज 50 उड़ानें संचालित करेंगीं वहीं शनिवार को, कुल 51 उड़ानें भारत पहुंचीं यात्रियों के लिए टिकटों के मूल्य उचित बनाए रखने के लिए मंत्रालय एयरलाइंस और अन्य हितधारकों के साथ लगातार समन्वय बनाये हुए हैं उड़ानों के किराये पर कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं यात्रियों को उड़ानों के शेड्यूल को लेकर ताजा जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से सम्पर्क में रहने का परामर्श दिया गया हैं

000

भारत ने तीसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया हैं भारत ने लगातार दूसरी बार टी–ट्वेंटी विश्वकप जीतने की उपलब्धि हासिल की हैं

............

कल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में भारत, न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर चैंपियन बनां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दियां भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 255 रन बनाएं संजू सैमसन ने 89 रनों की शानदार पारी खेलीं लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम 19 ओवर में केवल 159 रनों पर ही सिमट गईं जसप्रीत बुमराह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिएं उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गयां वहीं सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गयां

इस उपलब्धि पर पूरे देश में जश्न का माहौल हो गयां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईसीसी टी–ट्वेंटी चैंपियन बनने पर भारतीय टीम को बधाई दी हैं इस ऐतिहासिक जीत के लिए सभी ने खिलाड़ियों की प्रतिभा, कौशल और टीम भावना की सराहना की हैं

इधर, प्रदेश में भी भारतीय टीम की इस उपलब्धि से लाखों क्रिकेट प्रेमी उत्साहित हो उठे और आतिशबाजी और ढोल–नगाड़ों के साथ अपनी खुशी जाहिर कीं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि खिलाड़ियों के जज्बे, समर्पण और संघर्ष ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया हैं

000